## एक नजर में

### गुजरात की सूरत सिटी स्थित चौक बाजार किले का 12 राज्यों से पहुंचे महापौरों ने किया भ्रमण



**बुरहानपुर।** इतिहासकारों ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां पर ईस्ट इंडिया कंपनी अंग्रेज पुर्तकालीन मुगल सभी लोग आए हुए थे। इनका इतिहास जाना। इस कार्यक्रम में केंद्र जल शक्ति मंत्री सी आर पाटील भी शामिल है। उन्होंने मंच से संबोधित करते हुए गंगा संवर्धन अभियान पर अपने विचार रखते हुए कहां की आप ने मेहनत कर अपने जीवन के लिए धन तो कमा लिया है। अब जल बचाने में लिए काम करना बहुत जरूरी है। उन्होंने सभी महापौरों से आग्रह किया कि सभी अपने अपने क्षेत्रों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अपने घरों में लगाए और जहां पर भी सरकारी कार्यालय हो या बड़े.बड़े भवन बनाए जा रहे हैं उन लोगों को भी वाटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रेरित करें ताकि आने वाली पीढ़ी को पानी मिलता रहे,उन्होंने यह भी कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लोगों से पानी बचाने की अपील करते हैंण् भारत की 140 करोड लोग यदि रोज पानी पीने के बाद बचा पानी फेक देते हैं तो उसे फेकने से बचे। इस मौके पर बुरहानपुर महापौर माधुरी अतुल पटेल पूर्व महापौर अतुल पटेल ने भी उनसे चर्चा की इस मौके पर 12 राज्यों से आए 45 महापौर भी मौजूद थे। तो वही गुजरात सूरत सीटी के आपातकालीन संचालन नियंत्रण केंद्र का निरीक्षण किया इस दौरान गुजरात के राज्य कृषि मंत्री जीतू वाघानी ने सभी महापौरों से मुलाकात कर गुजरात आने पर बधाई दी। इस मौके पर बुरहानपुर महापौर माधुरी अतुल पटेल पूर्व महापौर अतुल पटेल ने भी उनसे चर्चा की। इस मौके पर सूरत कमिश्नर शालिनी अगरवाल सूरत के महापौर दक्षेस मावानी ने संबोधित करते हुए गुजरात के स्वच्छता मॉडल के बारे में विस्तार जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत देश का पहला अपने आप में सबसे बड़ा सेंटर हैण् सूरत सीटी में करीब 5500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिस की मॉनिटरिंग भी की जाती हैं,तो वही बरसात के दिनों में यह सेंटर काफी कारगर साबित होता हैं, यही से सभी व्यवस्थाओं को कंट्रोल किया जाता हैं।

### एनएसीएल में सीएमई का आयोजन, 40 से अधिक डॉक्टरों ने लिया भाग



**बुरहानपुर।** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल द्वारा 12 दिसंबर को एनएसीएल रेस्टोरेंट में सीएमई का आयोजन किया गया। जिसमें 40 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। सीएमई में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.प्रवीण बोर्डे मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ एवं डॉ.लोकेंद्र सिंह ठाकुर हृदय रोग विशेषज्ञ के द्वारा व्याख्यान दिया गया। सभी डॉक्टर्स के बीच व्याख्यान पर चर्चा की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में सीएमई का सफल आयोजन किया गया।

### सुनील वाघे भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में सम्मिलित



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संगठनात्मक विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर आज भाजपा जिला कार्यालयए बुरहानपुर में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक 16 दिसंबर 2025 को पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री पवन पाटीदार जी के प्रथम बुरहानपुर आगमन एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रस्तावित रूपरेखा एवं समीक्षा बैठक को सफल बनाने हेतु आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री श्री धीरज पाटीदार जी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी श्री नरेंद्र राठौड़ जी ने कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा,व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक दायित्वों पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अनुशासन,समन्वय एवं सक्रिय सहभागिता के साथ कार्यक्रम को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त जिला एवं मंडल पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया एवं संगठन की मजबूती हेतु पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया। बैठक सकारात्मक, उत्साहपूर्ण एवं संगठनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल कानूनगो,जिला उपाध्यक्ष रवि गावड़े ,जिला मंत्री संभाजी सगरे,अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष ईश्वर चौहान, रुद्रेश्वर एंडडोले ,पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री संदीप पाटील,जिला मंत्री अशोक राठौड़ , जिला मंत्री लालचंद राठौड़ ,जिला मंत्री दीपक पाटील ,मंडल अध्यक्ष सचिन चौधरी,अमरसिंह राठौड़,पंकज जी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### ठा .शिवकुमारसिंह मेमोरियल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के 17 विद्यार्थियों का डक्कन डीजल अहमदाबाद में चयन



**बुरहानपुर।** झिरी स्थित बुरहानपुर जिले के तकनिकी क्षेत्र मे प्रथम एवं एकमात्र संस्था ठा. शिवकुमारसिंह मेमोरियल इंजिनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के 17 विद्यार्थीयो का डेक्कन डीजल अहमदाबाद के लिये चयन हुआ। संस्था द्वारा अंतिम वर्ष के विद्यार्थीयो को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इंजिनियरिंग अंतिम वर्ष (8वे सेम) एवं पॉलिटेक्निक अंतिम वर्ष (6वे सेम) के विद्यार्थियों के लिये केम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमे मेकेनिकल, इलेक्ट्रीकल, एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजिनियरिंग ब्रांच के कुल 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कम्पनी के प्लेसमेंट ऑफिसर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया। अंत मे कुल 17 विद्यार्थी गोवा स्थित लोकेशन पर कार्य के लिये चयनित किये गये। इससे पूर्व भी प्रदेश तथा देश की कई दिग्गज कम्पनीयो द्वारा संस्था मे प्लेसमेंट ड्राइव किया जा चुका है। वर्तमान मे संस्था के कई विद्यार्थी उच्च पदो पर इन कम्पनीयो मे अपनी सेवाऐ दे रहे है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रो तथा शिक्षको के तकनिकी शिक्षा के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासो का प्रतिफल है। आगे उन्होने कहा कि हम भविष्य में भी ऐसे प्रयास करते रहेंगे तथा विद्यार्थीयो को शत-प्रतिशत रोजगार उपलब्ध करवाने का प्रयास करेंगे।

# अब नहीं गिरेगा19 नालों का गंदा पानी, 85 करोड़ की सीवरेज योजना स्वीकृत

**मां ताप्ती के आंचल को स्वच्छता के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त : अर्चना चिटनिस**



**नव भारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** सूर्यपुत्री मां ताप्ती के संरक्षण की दिशा में बुरहानपुर के लिए यह क्षण अत्यंत भावुक, ऐतिहासिक और संघर्षों से भरी सफलता का प्रतीक बन गया है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध के सतत प्रयासों,दृढ़ संकल्प और जनहित के प्रति संवेदनशीलता के परिणाम स्वरूप बुरहानपुर नगर निगम की बहुप्रतीक्षित सीवरेज द्वितीय चरण योजना को अमृत.2.0 के अंतर्गत चार बार टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतत: राज्य स्तरीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह केवल एक योजना नहीं,बल्कि मां ताप्ती को प्रदूषण से बचाने की एक निर्णायक पहल है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल के सहयोग एवं निरंतर समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों और शासन.प्रशासन की साझा संवेदना, धैर्य और प्रतिबद्धता से ही यह कठिन लक्ष्य संभव हो सका। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का विजन हमारा मिशन है। इसी सोच के अनुरूप अमृत.2.0 योजनांतर्गत यह परियोजना बुरहानपुर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नदी स्वच्छता को सुदृढ़ करने की दिशा मे क्रियान्वित की जा रही है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि मां ताप्ती केवल एक नदी नहीं, बल्कि बुरहानपुर की आस्थाए संस्कृति और जीवनरेखा हैं। वर्षों से शहर के 19 प्रमुख नालों का गंदा पानी बिना उपचार के मां ताप्ती में मिल रहा था, जो हर संवेदनशील नागरिक के लिए पीड़ादायक था। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि यह स्थिति लंबे समय से मन पर बोझ बनी हुई थी, लेकिन बार.बार टेंडर निरस्त होने और तकनीकी अड़चनों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। आज इस योजना की स्वीकृति से यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि मां ताप्ती को प्रदूषण से मुक्ति दिलाई जा सकेगी।

अर्चना चिटनिस ने बताया कि अमृत.2.0 योजना के अंतर्गत तैयार की गई इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 85.00 करोड़ की निविदा दरों को नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय की राज्य स्तरीय तकनीकी समिति ;एसएलटीसीद्ध द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है। इस योजना के क्रियान्वयन से मां ताप्ती में मिलने वाले 19 प्रमुख नालों के दूषित पानी को रोका जाएगाए तथा उसे वैज्ञानिक पद्धति से उपचारित कर ही आगे प्रवाहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सीवरेज द्वितीय चरण योजना के अंतर्गत शहर के शेष क्षेत्रों में सीवेज कलेक्शन नेटवर्क का विस्तार किया जाएगाए जिससे संपूर्ण शहर का सीवेज सुव्यवस्थित रूप से एकत्रित होकर शुद्धिकरण प्रक्रिया से गुजरेगा। यह योजना केवल वर्तमान की आवश्यकता नहींए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जलए स्वस्थ पर्यावरण और सुरक्षित भविष्य की मजबूत नींव है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह परियोजना मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की संवेदनशील एवं विकासोन्मुखी सोच तथा नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने विश्वास जताया कि महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, नगर निगम और प्रशासन के समन्वय से यह योजना शीघ्र ही धरातल पर उतरेगी और मां ताप्ती को गंदे पानी से बचाने का संकल्प साकार होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सीवरेज द्वितीय चरण योजना के पूर्ण होने के बाद बुरहानपुर स्वच्छता, जनस्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा और सबसे बढ़कर मां ताप्ती को वर्षों से लगे गंदे पानी के जख्मों से स्थायी मुक्ति मिलेगी।

### दो प्रतिष्ठानों पर जीएसटी सर्वे की कार्रवाई तीसरे दिन भी रही जारी



**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** दो प्रतिष्ठानों पर जीएसटी सर्वे की कार्रवाई बुरहानपुर में शुक्रवार शाम से चल रही है। यह सर्वे इंदौर से आई टीम की ओर से किया जा रहा है और रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। टीम स्टाकए बिलए बिक्री और अन्य दस्तावेजों की गहनता से जांच कर रही है। जीएसटी अफसरों के अनुसार रात तक कार्रवाई पूरी होने की उम्मीद है। इसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि सर्वे में क्या पाया गया । इंदौर की टीम शहर के दो प्रतिष्ठानों पर एक साथ सर्वे शुरू किया था। इनमें कमल चौक क्षेत्र स्थित गोविंद दास सराफज्वेलर्स प्रायवेट लिमिटेड और लालबाग रोड पर हजरत गोटिया पीर दरगाह के पास स्थित बादशाह स्टील्स हार्डवेयर शामिल हैं। दोनों ही प्रतिष्ठानों पर शुक्रवार से लगातार सर्वे चल रहा है। सोना.चांदी के प्रतिष्ठित व्यवसायी गोविंद दास सराफ और हार्डवेयर व्यवसायी बादशाह स्टील्स पर यह कार्रवाई चल रही है। अधिकारियों के अनुसार रविवार को भी सर्वे जारी रहेगा और देर रात तक पूरा होने की संभावना है। सर्वे की जानकारी सामने आने के बाद शहर के अन्य व्यापारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि शनिवार को कुछ व्यापारियों ने अपनी दुकानें नहीं खोली थीं। जीएसटी अफसरों के अनुसार कल तक वास्तविक स्थिति का खुलासा हो पाएगा और यह पता चलेगा कि सर्वे में क्या पाया गया।

### सूर्यम रेसिडेंसी में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर



**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर द्वारा 14 दिसंबर रविवार को सूर्यम रेसिडेंसी बुरहानपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 80 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. दिव्येश लॉड कंसल्टेंट फिजिशियन, डॉ.रौनिक बांसोड हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ.अकरम खान जनरल मेडिसिन एवं कु.श्रुति द्विवेदी नेत्र रोग विभाग के द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया।

सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि: शुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में एवं ऑल इज वैल हॉस्पिटल के स्टाफके सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष, नपाकर्मियों के नाम से तांत्रिक क्रिया, थाने में की शिकायत

**नगर पालिका के उपयंत्री पर तांत्रिक क्रियाएं कराने का आरोप लगाया, देर रात राजीव नगर में रोड पर नजर आया आ दीया**



**नवभारत न्यूज**

**नेपानगर।** शनिवार रात नेपानगर के राजीव नगर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल सहित नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों के नाम लिखी पर्ची एक जलते हुए दीए में छोड़ी गई। यह दीया और उसमें पर्ची मिलने के बाद तांत्रिक क्रियाएं किए जाने की शंका जाहिर की गई है। जिन लोगों के नाम लिखी पर्ची दी, में मिली वह कर्मचारी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल ने इसकी शिकायत नेपानगर थाने में कर जांच की मांग की है। खास बात यह है कि इस तरह की तांत्रिक क्रिया कराने का आरोप नेपानगर नगर पालिका के उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे पर लगाया जा रहा है, क्योंकि उनके द्वारा पिछले दिनों पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी जिसका एक ऑडियो वायरल हुआ था। तब राजेश पटेल की शिकायत पर उपयंत्री के खिलाफ नेपा थाने में एफआईआर भी दर्ज हुई थी। वहीं इस

**नेपा थाने पहुंचे नपा कर्मचारी, सीसीटीवी से जांच की मांग:-** इसे लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं कि यह काम नगर पालिका के उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे ने कराया है। रविवार दोपहर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल, उपयंत्री राजू गणेश कामले,उपयंत्री विजय सिंह कुश्वाह, नरेंद्र सिंह तंवर, भरत जाधव, पूर्व नगर पालिका कर्मचारी करण सिंह ठाकुर आदि की ओर से नेपानगर थाने में आवेदन दिया गया जिसमें कहा गया कि नपा उपयंत्री प्रकाश बड़वाहे द्वार राजीव नगर वार्ड नंबर 1 में शनिवार रात करीब 11.30 बजे से 12 बजे तक राजीव नगर रेलवे स्टेशन चौराहे पर दीपक जलाकर नपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल और अन्य कर्मचारियों के नाम की पर्चियां बनाकर तांत्रिक क्रियाएं की गई। इससे हमें मानसिक आघात पहुंचता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रकाश बड़वाहे की होगी। पर्ची पर किए गए लेखन की जांच सीसीटीवी कैमरे से साक्ष्य जुटाकर कड़ी कार्रवाई की जाए। गौरतलब है कि इससे पहले प्रकाश बड़वाहे और पूर्व नेता प्रतिपक्ष के बाद भी विवाद की स्थिति सामने आई थी। उपयंत्री बड़वाहे ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष के नाम की सुपारी देने की बात कही थी तब बड़वाहे के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की थी।

**रोड पर जलता मिला दीया:-** शनिवार रात राजीव नगर में रोड पर एक दीया जलता हुआ मिला। इसमें तेल में कुछ लोगों के नाम लिखी पर्चियां थी। यहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने रोड पर दीया जलता देखा और उसमें पर्चियां नजर आई तो शंका हुई। पर्ची पर नगर पालिका के कर्मचारियों के नाम लिखे हुए थे। यही वजह है कि नपा कर्मियों ने थाने में शिकायत कर जांच की मांग की। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश पटेल भी मौजूद थे।

### हाईकोर्ट में हकीमी अस्पताल को झटका, अपील खारिज : अधिवक्ता त्रिपाठी

**प्रबंधन ने स्वयं लिबर्टी लेकर केस विड्रॉ किया है : संचालक डॉ.मुफद्दल बोहरा**



**नवभारत न्यूज**

**बुरहानपुर।** वैष्णवी चौहान मौत मामले में लालबाग रोड स्थित हकीमी अस्पताल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ;सीएमएचओद्ध द्वारा नर्सिंग होम का पंजीयन और लाइसेंस निरस्त किए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने जबलपुर हाईकोर्ट का रुख किया थाए लेकिन वहां से भी राहत नहीं मिलने की बात सामने आ रही है। हाईकोर्ट में दायर अपील को लेकर अब स्पष्ट टकराव वाले बयान सामने आए हैंकृएक ओर पीड़ित पक्ष के वकील अपील खारिज होने का दावा कर रहे हैंए, तो दूसरी ओर अस्पताल संचालक इसे भ्रामक प्रचार बता रहे हैं। लालबाग रोड स्थित हकीमी अस्पताल का नर्सिंग होम पंजीयन और लाइसेंस सीएमएचओ डॉ.आर.के.वर्मा ने निरस्त किया था। यह कार्रवाई कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति की अनुशंसा पर की गई। जांच की जिम्मेदारी एडीएम वीर सिंह चौहान को सौंपी गई थी। जांच में अस्पताल में पर्याप्त संसाधनोंए आवश्यक सुविधाओं और नियमों के पालन में गंभीर खामियां सामने आने की बात कही गई।

**पीड़ित पक्ष का दावा मजबुत:-** वैष्णवी चौहान पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे जबलपुर हाईकोर्ट के अधिवक्ता एमण्केण् त्रिपाठी ने साफ कहा कि हकीमी अस्पताल की ओर से लगाई गई अपील खारिज कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हाईलेवल कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सीएमएचओ द्वारा लाइसेंस निरस्तीकरण किया गया था। जांच में नियमों के उल्लंघन और संसाधनों की कमी उजागर हुई थी। इसी वजह से अस्पताल को हाईकोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि अस्पताल से जुड़ी डॉक्टर डॉण् रेहाना बोहरा जिला अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के साथ निजी नर्सिंग होम भी संचालित कर रही थींए जिससे मामला और गंभीर हो गया।

**हमने खुद ली लिबर्टी.संचालक**

वहीं हकीमी अस्पताल के संचालक डॉ.मुफद्दल बोहरा ने अपील खारिज होने की बात को सिरे से नकार दिया। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने उन्हें यह विकल्प दिया था कि वे मामले को मेरिट गुण.दोष के आधार पर सुनवाना चाहते हैं या अपीलिंग अथॉरिटी के पास जाना चाहते हैं।

डॉ.बोहरा के मुताबिक अस्पताल प्रबंधन ने स्वयं लिबर्टी लेकर केस विड्रॉ किया है और अब अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष मामला रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी अपील गुण.दोष पर खारिज नहीं हुई है और इस मुद्दे पर गलत और भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच में बताई गई कमियों को दूर कर दोबारा लाइसेंस के लिए आवेदन किया जाएगा।

बतादे कि 11 नवंबर को हकीमी अस्पताल में जैनाबाद निवासी वैष्णवी नागेश चौहान की गर्भाशय ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर चिकित्सकीय लापरवाही के आरोप लगाए। अगले दिन महिला अधिकारी की मौजूदगी में डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया। करीब 20 दिनों तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित परिजन शनवारा गेट के पास क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गए। हड़ताल के पांचवें दिन सांसद ज्ञानेश्वर पाटील मौके पर पहुंचे और परिजनों से चर्चा कर आंदोलन समाप्त कराया। उसी शाम सीएमएचओ ने अस्पताल का नर्सिंग होम पंजीयन और लाइसेंस निरस्त कर दिया।

### आग से जली लाखों रुपए की सामग्री



**शाहपुर।** बुरहानपुर जिले के शाहपुर क्षेत्र के ग्राम बोरसर में शनिवार शाम 7 बजकर 40 मिनीट पर एक इलेक्ट्रीक दुकान को अंदर से शॉर्ट सर्किट से अचानक लगी आग लगी थी । जिसमें दुकान मालिक दिनेश वसंता महाजन के इलेक्ट्रीक दुकान के अंदर किसान उपयोगी रखी हुई लाखों रुपए की सामग्री को लगी हुई आग ने भयानक रूप लेकर दुकान के अंदर की सभी सामग्री एवं दुकान की सुरक्षा हेतु चारो साइड की तीन पत्रे जलकर खाक हो चुकी थी लेट लतीफसे पहुंची फायर फाइटर पहुंचने से पहले सभी इलेक्ट्रिक सामान पीवीसी पाइप ए केबल मोटर पंप के पाइप ए ट्यूबवेल के पाइप ए मोटर वाइंडिंग की सामग्री एवं दुकान में रखी हुई अन्य इलेक्ट्रिक की सामग्री जलकर खाक हो चुकी थी ।जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि देवानंद पाटिल एवं ग्राम के उप सरपंच विनोद शिंदे ने बताया की आग लगने लगने के कुछ मिनट पहले हमारे ग्राम में श्री स्वामी समर्थ महाराज की रथ यात्रा में चरण पादुका ग्राम की गली गली से घुम रही थी जो आज मुझे श्री स्वामी समर्थ महाराज जी के चमत्कार के रूप में दिखाई दिया की केवल एक ही दुकान जल रही है ।दुकान से लगे अन्य मकान या बिजली विभाग की बिजली प्रदान करने वाली डीपी भी लगी थी ।बिजली डीपी को क्षती नहीं पहुंची है ।ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना है की आज शनिवार शाम में हमारे गांव पर श्री स्वामी जी का आशीर्वाद दिखाई दिया ।जनपद सदस्य प्रतिनिधी देवानंद पाटील ने बताया की रविवार सुबह राजस्व विभाग के पटवारी ने मौके पर पहुंचकर करीबन 25 लाख का नुकसान मौका पंचनामा बनाया है । ग्रामीणों का यह भीकहना है की क्या पिडीत दुकान मालिक दिनेश वसंता महाजन को दुकान जलने की सहायता राशी तत्काल जारी किया जाएगा ।

### ग्राम फोपनार व नेर में नशा मुक्ति अभियान चलाया




**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजन किया गया मातृ शक्ति जिला संयोजिका संगीता दीदी,जिला सह संयोजिका दीपका दीदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति द्वारा देशभर में 7 दिसंबर से 14 दिसंबर तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी ने फेपनार स्कूल में इस अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता शाहपुर थाना प्रभारी श्री मान अखिलेश मिश्रा ने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की। शक्ति होते हैं और समाज व देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़ें।

कार्यक्रम की जानकारी दिनेश राठौड़ जिला प्रचार प्रसार प्रमुख ने दीए जिला अध्यक्ष प्रेमजी पटेल उपाध्यक्ष संतोष जी पंडित जिला मंत्री युवराज जी पाटिलएभूषण जी पाटिलए महिमा जी पटवारी मेडम ए संध्या जी गोस्वामी एस्कूल के प्राचार्य ए शिक्षिक एशिक्षिका छात्राएं प्रखंड के कार्यकर्ता मौजूद थे।

**एक नजर** लालबाग स्वास्थ्य केंद्र में महिला डॉक्टर की पदस्थापना...

### विधायक की बड़ी सौगात : जिला चिकित्सालय में दो विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त



**नवभारत न्यूज,**

**बुरहानपुर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस के सतत प्रयासों का सकारात्मक परिणाम लगातार सामने आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग में पिछले कुछ महीनों से विशेषज्ञ डॉक्टरों की निरंतर पदस्थापनाएँ हो रही हैं,जिसके क्रम में आज बुरहानपुर जिला चिकित्सालय में दो नए विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा उपनगर लालबाग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इन नियुक्तियों से स्थानीय नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ और अधिक सुगम होंगी।

**स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास:-** ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ही श्रीमती चिटनिस के निरंतर प्रयासों से जिला चिकित्सालय को 4 एनेस्थीसिया चिकित्सा अधिकारी और एमडी मेडिसिन चिकित्सकों की पदस्थापना की गई थी। इसके बाद अब एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ और एमडी कम्यूनिटी मेडिसिन की पदस्थापना से स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और अधिक विस्तृत हुआ है। इस निरंतरता से स्पष्ट है कि जिले में चिकित्सा सुविधा मजबूत करने की दिशा में लगातार डॉक्टरों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

**नए विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त:-** डॉ.इकराम उल हक,एमडी मेडिसिन विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय। डॉ.नयन मालवीय कृ मानसिक रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय।। डॉ. पल्लवी मंडलोइ,एमडी कम्यूनिटी मेडिसिन,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, लालबाग। इन विशेषज्ञों की नियुक्ति से जिले में गंभीर रोगों,मानसिक स्वास्थ्य तथा समुदाय आधारित स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार की अपेक्षा है।

**बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ हमारी प्राथमिकता:-** श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि वे बुरहानपुर जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर शासन स्तर पर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी दूर करने और जिला चिकित्सालय को उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

श्रीमती चिटनिस ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का विशेष आभार व्यक्त किया और कहा कि इन नियुक्तियों से बुरहानपुर और लालबाग दोनों क्षेत्रों में उपचार सेवाएँ सुचारू रूप से संचालित हो सकेंगी। सरकार द्वारा लगातार डॉक्टरों की पदस्थापना किया जाना बुरहानपुर के नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है।

**स्थानीय स्तर पर ही मिलेगी बेहतर सुविधा:-** इन नियुक्तियों के बाद मरीजों को अब बड़े शहरों की ओर जाने की आवश्यकता कम होगी। जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञों की संख्या बढ़ने से उपचार की गति और गुणवत्ता में सुधार होगा, वहीं लालबाग क्षेत्र को भी महिला चिकित्सक की उपलब्धता से विशेष लाभ मिलेगा।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए भविष्य में भी लगातार प्रयास करती रहेंगी, ताकि बुरहानपुर के नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएँ स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें।